## !! कार्यालय पुलिस अधीक्षक, जिला करौली (राज0) !!

क्रमांक :– न–5( )करौली–फोर्स / 2023 / 8139-49 दिनांक :– 04/10/2024

## प्रेस नोट

पुलिस मुख्यालय की विज्ञप्ति संख्या 3346 दिनांक 03.08.2023 एवं संशोधित विज्ञप्ति क्रमांक 3363 दिनांक 04.08.2023 एवं क्रमांक 3665 दिनांक 21.08.2023 के द्वारा जिला करौली की कानि. (घुडसवार) नॉन टीएसपी भर्ती 2023 के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु शारीरिक मापतौल एवं दक्षता परीक्षा दिनांक 28.12.2023 को पुलिस ट्रेनिंग स्कूल बॉसीखुर्द, जिला भरतपुर में आयोजित की गई। जिसमें सफल अभ्यर्थियों की द्वितीय चरण की कम्प्यूटर आधारित परीक्षा (CBT) दिनांक 13.06.2024 से 14.06.2024 तक आयोजित की गई। कम्प्यूटर आधारित परीक्षा (CBT) में सफल पाये गये अभ्यर्थियों की दक्षता परीक्षा (Proficiency Test) दिनांक 23.09.2024 को पुलिस ट्रेनिंग स्कूल बॉसीखुर्द, जिला भरतपुर आयोजित की गई। तत्पश्चात उक्त परीक्षा में सफल पाये गये अभ्यर्थियों की चयन कार्यवाही हेतु गठित बोर्ड द्वारा पुलिस मुख्यालय के प्राप्त निर्देशानुसार (CBT) में प्राप्त अंकों, शारीरिक दक्षता परीक्षा एवं दक्षता परीक्षा (Proficiency Test) में प्राप्त अंकों को सम्मिलित करते हुए चयन सूची तैयार की गई। जिसमें कानि0 घुडसवार के 02 अभ्यर्थियों का चयन वरियता अनुसार कानि. (घुडसवार) पद पद के विरूद्ध किया गया। चयनित अभ्यर्थियों का विवरण निम्न प्रकार है।

### कानि. (घुडसवार) के पद पर चयनित अभ्यर्थी

| S. N. | Roll No | Name | Fathers/Husband Name | Category | Sex | Date Of Birth | Select List | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 1009846 | DHARMVEER SINGH | GIRDHAR SINGH | GENERAL-EWS | Male | 18.02.2001 | GEN-M-1 | - |
| 2. | 1010812 | MANOJ KUMAR NAGAR | BHAGCHAND NAGAR | SC | Male | 15.03.1997 | SC-M-1 | - |

उपरोक्त चयन सूची राजस्थान पुलिस की वेबसाईट https://www.police.rajasthan.gov.in पर अपलोड की जा रही है एवं कार्यालय हाजा के नोटिस बोर्ड पर भी चस्पा की जा रही है। परीक्षा परिणाम के प्रकाशन में पूर्ण रूप से सावधानी बरती गई है। फिर भी कार्यालय पुलिस अधीक्षक, जिला करौली की सूचना को अधिकृत माना जावे।

अतः उपरोक्त समस्त चयनित अभ्यर्थियो को सूचित किया जाता है कि वे भर्ती की आगामी प्रक्रिया स्वास्थ्य परीक्षण / चरित्र सत्यापन / शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्रो एवं विशेष योग्यता प्रमाण पत्रों तथा अन्य दस्तावेज सत्यापन हेतु अपने समस्त मूल दस्तावेज निम्नानुसार प्रस्तुत करेगें :–

1. समान पात्रता परीक्षा एवं कानि. भर्ती आवेदन पत्र / शारीरिक मापतौल / कम्प्यूटर अधारित परीक्षा (CBT) एवं दक्षता परीक्षा (Proficiency Test) प्रवेश पत्र।
2. शैक्षणिक योग्यता के प्रमाण पत्र।
3. अभ्यर्थी यदि अनुसूचित जाति / जनजाति / पिछडा वर्ग / अति पिछडा वर्ग / आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग से संबंधित है तो प्रथम श्रेणी दण्डनायक या समकक्ष अधिकारी द्वारा निर्धारित प्रारूप में जारी किया गया जाति प्रमाण पत्र।
4. मूल निवास प्रमाण पत्र।
5. जन्म तिथि प्रमाण पत्र (यदि शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र में आयु अंकित नहीं है तो)।
6. अंतिम शिक्षा ग्रहण करने वाले शैक्षणिक संस्थान द्वारा जारी चरित्र प्रमाण पत्र एवं दो राजपत्रित अधिकारियो द्वारा जारी चरित्र प्रमाण पत्र (06 माह से पुराना नही हो तथा रिश्तेदार द्वारा जारी नहीं हो)।
7. राज्य सरकार के परिपत्र कमांक प.8 (19) गृह–13 / 2008 दिनांक 22.05.2006 के अनुसार राजकीय सेवा 7 में नियुक्ति हेतु विवाह पंजीयन कराया जाना अनिवार्य किया गया है। तत्संबंधी विवाह पंजीयन प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।
8. दो फोटो पहचान पत्र।
9. आर्थिक पिछडा वर्ग का प्रमाण पत्र (वर्ष 2022–23 की आय के आधार पर जारी हो)।
10. विशेष योग्यता प्रमाण पत्र (एनसीसी, होमगार्ड, डिप्लोमा इत्यादि)।
11. दहेज नहीं लेने संबंधित शपथ पत्र।
12. दिनांक 01.06.2002 के बाद दो से अधिक जीवित संतान नही होने बाबत् शपथ पत्र।

13. एक से अधिक जीवित पत्नी नहीं होने बाबत् शपथ पत्र।
14. विधवा के मामले उसे अपने पति की मृत्यु का सक्षम प्राधिकारी का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। विछिन्न विवाह के मामले मे उसे विवाह विच्छेद का दस्तावेजी सबूत (डिक्री आदेश) प्रस्तुत करना होगा।
15. आपराधिक गतिविधियों में सम्मिलित नहीं होने या सजायाफ्ता नहीं के संबंध में शपथ पत्र।
16. धूम्रपान / तम्बाकू का सेवन नहीं करने का शपथ पत्र।
17. 10 पासपोर्ट साईज रंगीन नवीनतम फोटो।
18. भूतपूर्व सैनिक होने की स्थिति में एनओसी / डिस्चार्ज प्रमाण पत्र / पेंशनर प्रमाण पत्र।
19. यदि अभ्यर्थी राज्य कर्मचारी है तो राजकीय कर्मचारी होने का प्रमाण पत्र एवं नियोक्ता / विभागाध्यक्ष द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र।
20. एस.सी. / एस.टी. / ओबीसी / ईडब्ल्यूएस वर्ग के अभ्यर्थियो द्वारा किसी कारण से आवेदन की अंतिम तिथि तक जारी प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं किया गया है तथा अंतिम तिथि के पश्चात् जारी किया हुआ प्रमाण पत्र हो तो अभ्यर्थी इस आशय का एक शपथ पत्र प्रस्तुत करेगा कि "वह आवेदन की अंतिम तिथि तक संबंधित वर्ग की पात्रता रखता था तथा यह सूचना गलत पाये जाने पर उसकी नियुक्ति निरस्त की जा सकेगी।"

उपरोक्त अभ्यर्थी अपने मूल दस्तावेज एवं समस्त दस्तावेजो की स्वं प्रमाणित छाया प्रति सहित दिनांक 14.10.2024 को प्रातः 09.30 बजे रिजर्व पुलिस लाईन करौली में उपस्थित होवें। निर्धारित दिनांक एवं समय पर उपस्थिति नहीं होने पर यह मानते हुए कि आप उक्त पद पर नियुक्ति हेतु इच्छुक नहीं है, चयन सूची से आपका नाम पृथक करने की कार्यवाही की जावेगी। चयनित अभ्यर्थियों को उक्त प्रयोजनार्थ उपस्थित होने पर किसी प्रकार का यात्रा भत्ता एवं मानदेय देय नहीं होगा।

(बृजेश ज्योति उपाध्याय)
जिला पुलिस अधीक्षक,
करौली।

**प्रतिलिपि सूचनार्थ :— निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।**

1. अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस, (भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड) राजस्थान जयपुर।
2. महानिरीक्षक पुलिस भरतपुर रेंज भरतपुर।
3. जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, करौली।
4. पुलिस अधीक्षक, एससीआरबी राज0 जयपुर को प्रेषित कर निवेदन है कि उक्त प्रेसनोट राजस्थान पुलिस एवं जिला पुलिस करौली की बेबसाईट पर अपलोड कराने का श्रम करावें।
5. समस्त जिला पुलिस अधीक्षकगण मय जीआरपी अजमेर / जोधपुर।
6. समस्त अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जिला करौली।
7. समस्त वृताधिकारी / थानाधिकारी जिला करौली।
8. सूचना एवं जन सम्पर्क अधिकारी करौली को भेजकर लेख है कि इस प्रेस नोट का स्थानीय / दैनिक / प्रादेशिक एवं राज्य स्तरीय समाचार पत्रो में निःशुल्क जनहित में प्रकाशित करवाने की व्यवस्था करावें।
9. संचित निरीक्षक पुलिस लाईन करौली को भेजकर लेख है कि उपरोक्तानुसार प्रेस नोट को पुलिस लाईन के नोटिस बोर्ड पर चस्पा किया जावें।
10. प्रभारी, पुलिस नियंत्रण कक्ष करौली को प्रेस विज्ञप्ति की प्रतियों के स्थानीय / प्रादेशित दैनिक समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशन हेतु प्रेषित है।
11. प्रभारी कम्प्यूटर शाखा / साईबर सैल, कार्यालय हाजा को प्रेषित कर लेख है कि प्रेस नोट विभागीय बेब साईट पर आज ही अपलोड करवाना सुनिश्चित करें।

जिला पुलिस अधीक्षक,
करौली।